*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पर्यावरण विकास थीम पर एनएसएस का सात–दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

पंतनगर। 17 जनवरी 2026। विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात–दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि डा. विपुल गुप्ता, कार्यवाहक अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय थे। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. आशुतोश मिश्रा ने बताया कि यह विशेष शिविर द्वितीय वर्ष के 30 छात्रों द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य विषय 'पर्यावरण विकास' निर्धारित किया गया है जिसमें सभी स्वंयसेवक बेनी बस्ती में पर्यावरण विकास से सम्बंधित कार्य करेंगे तथा परस्पर वार्तालाप, नुक्कड़–नाटक, रैली इत्यादि के माध्यम से जागरूकता फैलायेगें। इस अवसर पर डा. विपुल गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के प्रतिपूर्ति हेतु व्यवसायिक शिक्षा के साथ–साथ समाज सेवा करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि आपका पहला कर्तव्य बौद्धिक विकास है परन्तु आपके अन्दर स्नेह, सहानुभूति, सहिष्णुता, समर्पण, सेवा जैसे भाव भी होने चाहिए तभी आपका समग्र विकास होगा। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रकट किये तथा छात्रों से कहा कि शिविर के दौरान अपने विषय का ध्यान रखते हुए लोगों के बीच जागरूकता फैलाऐं। इस दौरान आपको अपने ग्रामीण समाज को समझने का मौका मिलेगा और उनकी कठिनाइयों से अवगत हो सकेगें। आप अपने में सामाजिक और नागरिक दायित्व की भावना का विकास कर सकें। उन्होंने छात्रों के चरित्र निर्माण उदारता एवं समाज को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी श्रेयांशी तथा श्री प्रेम प्रज्ञान ने किया। कार्यक्रम के दौरान डा. विपुल गुप्ता, डा. राजेश, डा. अनूप कुमार, डा. आकांक्षा खाती, श्री नवीन शर्मा, श्री हरीश थापा, कु0 आदर्शिता पाठक, कु0 शिल्पी राठौर, श्री जतिन पींगल, श्री दक्ष रावत, श्री राघव कोहली, कु0 स्मृति पंचपाल, कु0 दुहिता दास, श्री हंसराज गौतम इत्यादि उपस्थित थे।

